दैनिक जागरण 25/01/2024

जीएमएन कालेज में बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट में बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी गर्ल्स विंग द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेटस द्वारा चार्ट्स भी बनाए गये। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस दिवस की जानकारी कैडेट्स को देते हुए बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और लड़कियों के खिलाफ भेदभाव करने वाली लैंगिक रूढ़िवादिता को चुनौती देना है। सीटीओ डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य लड़कियों को अपनी पूरी क्षमता का अहसास करने के लिए आवश्यक ज्ञान, उपकरण और अवसर प्रदान करना है। इस मौके पर 46 कैडेट्स ने भाग लिया।